नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

SS—11–Pol. Sc. (D & D)

No. of Printed Pages — 7

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2015

राजनीति विज्ञान

POLITICAL SCIENCE

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5.

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1 – 9	1	20 शब्द
10 – 17	2	40 शब्द
18 – 27	4	100 शब्द
28 – 30	5	150 शब्द

6. प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

1. शीत युद्ध क्या है ? 1

2. आपरेशन इराकी फ्रीडम किस देश के विरुद्ध अपनाया गया ? 1

3. आतंकवाद सुरक्षा के लिए परंपरागत खतरे की श्रेणी में आता है या अपरंपरागत ? 1

4. भारत में मूलवासी के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ? 1

5. केन्द्र सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया ? 1

6. कौनसी पार्टी 1952 के लोक सभा चुनाव में 16 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रही ? 1

7. भारत पर चीन ने आक्रमण कब किया ? 1

8. 1977 के लोकसभा चुनाव में भारत के प्रधानमन्त्री कौन बने ? 1

9. 'पंजाबी सूबा' के गठन का आन्दोलन किस दल ने चलाया ? 1

10. शॉक थेरेपी क्या थी ? क्या साम्यवाद से पूँजीवाद की संक्रमण का यह सबसे बेहतर तरीका था ? 2

11. आज की चीनी अर्थव्यवस्था नियंत्रित अर्थव्यवस्था से किस तरह अलग है ? स्पष्ट करें । 2

12. चीन और भारत की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौजूदा एकध्रुवीय व्यवस्था को चुनौती दे सकने की क्षमता है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने तर्कों से पुष्ट करें । 1 + 1

13. पर्यावरण के तेजी से हो रहे नुकसान से देशों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? तर्क दीजिए । 2

14. सांझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारियाँ से क्या अभिप्राय है ? हम इस विचार को कैसे लागू कर सकते हैं ? 2

15. कांग्रेस किन अर्थों में एक विचारात्मक गठबन्धन थी ? कांग्रेस में मौजूद विभिन्न विचारात्मक दो उपलब्धियों का उल्लेख करें । 2

16. निम्नलिखित का सही जोड़ा मिलाएँ : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$

(क) 1950 - 64 के दौरान भारत की विदेशनीति का लक्ष्य	—	(i)	तिब्बत के धार्मिक नेता जो सीमा पार करके भारत आए
(ख) पंचशील	—	(ii)	क्षेत्रीयता, अखण्डता और संप्रभुता की रक्षा तथा आर्थिक विकास
(ग) बांडुंग सम्मेलन	—	(iii)	शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के पाँच सिद्धान्त
(घ) दलाई लामा	—	(iv)	इसकी परिणति गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में हुई ।

17. भारत की परमाणु नीति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 2

18. सोवियत संघ के विघटन के चार कारण बताइए । 4

19. अमरीकी वर्चस्व की राह में कौनसे व्यवधान हैं ? आपके जानते इनमें से कौन-सा व्यवधान आगामी दिनों में महत्वपूर्ण साबित होगा ? 3 + 1

20. भारत सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य क्यों बनना चाहता है ? चार कारण लिखिए । 4

21. वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है ? 4

22. राज्य पुनर्गठन आयोग का काम क्या था ? इसकी प्रमुख सिफारिश क्या थी ? 4

23. 1970 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ? 4

24. जनता पार्टी ने 1977 में शाह आयोग की नियुक्ति क्यों की तथा इसके क्या निष्कर्ष थे ? 4

25. क्या आप शराब विरोधी आंदोलन को महिला आंदोलन का दर्जा देंगे ? कारण बताइए । 4

26. पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे ? 4

27. 1990 के दशक को गठबंधन का युग क्यों कहा जाता है ? 4

28. दो ध्रुवीयता की चुनौती के रूप में गुटनिरपेक्षता आन्दोलन की व्याख्या कीजिए । 5

अथवा

शीत युद्ध के दौरान विश्व के दो गुटों के बंट जाने से अन्तरराष्ट्रीय गठबन्धनों का निर्णय हुआ । स्पष्ट कीजिए ।

29. श्रीलंका के जातीय संघर्ष और लोकतंत्र का वर्णन कीजिए । 5

अथवा

पाकिस्तान में सेना और लोकतंत्र के बारे में व्याख्या कीजिए ।

30. हरित क्रान्ति का अर्थ बतलाते हुए परिणाम बतलाइए । 5

अथवा

प्रथम पंचवर्षीय योजना की उपलब्धियाँ बतलाइए ।